**भारत सरकार**

**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय**

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या**: 26

**दिनांक** 08 **दिसंबर**, 2022

## पीएमयूवाई के अंतर्गत एलपीजी कनेक्शन

*26. **डॉ. ढालसिंह बिसेन**:

**श्री दुष्यंत सिंह**:

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के तहत योजना के आरंभ से नवंबर, 2022 तक प्रदान किए गए एलपीजी कनेक्शनों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार, विशेष रूप से राजस्थान के झालवाड़ और बारां जिलों में सक्रिय और निष्क्रिय रूप में वर्गीकृत कनेक्शनों की संख्या कितनी है;

(ख) राजस्थान के झालावाड़ और बारां जिलों सहित गत दो वर्षों के दौरान उज्ज्वला योजना के तहत कितनी रिफिलिंग की गई है;

(ग) क्या सरकार का इसकी संख्या बढ़ाने के लिए कोई अभियान चलाने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) उक्त योजना के तहत मध्य प्रदेश और राजस्थान में पिछले एक वर्ष के दौरान एक रिफिल, दो रिफिल, तीन रिफिल और चार या अधिक रिफिल के रूप में वर्गीकृत की गई रिफिलिंग का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री**

(**श्री हरदीप सिंह पुरी**)

(क) से (घ): एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

**'पीएमयूवाई के अंतर्गत एलपीजी कनेक्शन' के संबंध में संसद सदस्य डॉ. ढालसिंह बिसेन और श्री दुष्यंत सिंह द्वारा दिनांक** 08.12.2022 **को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न सं.** 26 **के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।**

(क) प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के अंतर्गत इस योजना को शुरू किए जाने से लेकर नवंबर, 2022 तक जारी किए गए एलपीजी कनेक्शनों का राज्य/संघ शासित क्षेत्र वार विवरण **अनुलग्नक** में दिया गया है। प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के अंतर्गत इस योजना को शुरू किए जाने से लेकर नवंबर, 2022 तक राजस्थान के झालावाड़ और बारन जिले में जारी किए गए एलपीजी कनेक्शनों का विवरण निम्नवत है -

| जिला | पीएमयूवाई के अंतर्गत जारी किए गए एलपीजी कनेक्शनों की संख्या (लाख में) |
|---|---|
| झालावाड़ | 2.03 |
| बारन | 1.60 |

**स्रोत - सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कम्पनियां**

सभी पीएमयूवाई कनेक्शन चालू हैं।

(ख) राजस्थान के झालावाड़ और बारन जिले सहित देश भर में वर्ष 2020-21 और वर्ष 2021-22 के दौरान पीएमयूवाई लाभार्थियों द्वारा खपत की गई रीफिलों की संख्या का विवरण निम्नवत है -

| जिला | रीफिलों की संख्या (14.2 किलोग्राम के रीफिलों के संदर्भ में) (लाख में) | |
|---|---|---|
| | 2020-21 | 2021-22 |
| झालावाड़ | 9.37 | 8.98 |
| बारन | 5.96 | 5.04 |
| राजस्थान राज्य | 277.52 | 267.27 |
| अखिल भारत | 3511.47 | 3126.23 |

**स्रोत - सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कम्पनियां**

(ग) पीएमयूवाई लाभार्थियों के बीच एलपीजी के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए सरकार और तेल विपणन कम्पनियों (ओएमसीज़) ने पूरे देश में एलपीजी पंचायतों, सोशल मीडिया अभियानों, कनेक्शनों के वितरण के लिए सार्वजनिक समारोहों तथा सार्वजनिक जागरुकता अभियानों आदि का आयोजन किया है। देश भर में एलपीजी पंचायतों का आयोजन एक सतत प्रक्रिया है और अब तक, राजस्थान के बारन और झालावाड़ जिलों में क्रमशः 381 और 285 एलपीजी पंचायतों का आयोजन किया गया है।

इसके अलावा, पीएमयूवाई लाभार्थियों द्वारा एलपीजी की खपत को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं जिनमें वर्ष 2022-23 के लिए पीएमयूवाई लाभार्थियों को 14.2 किलोग्राम रीफिल पर अधिकतम 12 रीफिल/प्रतिवर्ष तक 200/- रुपए की राजसहायता, 5 किलोग्राम के डबल बॉटल कनेक्शन (डीबीसी) का विकल्प, 14.2 किलोग्राम से 5 किलोग्राम में स्वैप करने का विकल्प, प्रधान मंत्री गरीब कल्याण पैकेज के अंतर्गत अप्रैल से दिसंबर, 2020 तक पीएमयूवाई लाभार्थियों को अधिकतम 3 निःशुल्क रीफिल आदि शामिल हैं।

(घ) दिनांक 31.03.2021 की स्थिति के अनुसार, मध्य प्रदेश और राजस्थान राज्य में क्रमशः 71.43 लाख और 63.59 लाख पीएमयूवाई लाभार्थी थे। मध्य प्रदेश और राजस्थान राज्य में गत वर्ष अर्थात वर्ष 2021-22 के दौरान, एक रिफिल, दो रिफिल, तीन रिफिल, चार या उससे अधिक रिफिल लेने वाले पीएमयूवाई ग्राहकों की संख्या का विवरण निम्नवत है -

| राज्य | एक रीफिल (इंस्टालेशन रीफिल सहित) (लाख में) | दो रीफिल (इंस्टॉलेशन रीफिल सहित) (लाख में) | तीन रीफिल (इंस्टॉलेशन रीफिल सहित) (लाख में) | चार या उससे अधिक रीफिल (इंस्टॉलेशन रीफिल सहित) (लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| मध्य प्रदेश | 18.85 | 15.74 | 11.54 | 22.84 |
| राजस्थान | 7.64 | 10.68 | 11.49 | 33.02 |

**स्रोत** - सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कम्पनियां

****

**"पीएमयूवाई के अंतर्गत एलपीजी कनेक्शन" के संबंध में डॉ ढाल सिंह बिसेन और श्री दुष्यंत सिंह द्वारा दिनांक 08.12.2022 को पूछे गए लोकसभा तारांकित प्रश्न संख्या 26 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

| **राज्य/संघ शासित क्षेत्र** | **दिनांक 30.11.2022 की स्थिति के अनुसार पीएमयूवाई के अंतर्गत जारी किए गए एलपीजी कनेक्शनों की कुल संख्या** |
|---|---|
| अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 13,447 |
| आंध्र प्रदेश | 5,11,579 |
| अरुणाचल प्रदेश | 49,118 |
| असम | 43,79,144 |
| बिहार | 1,07,10,910 |
| चंडीगढ़ | 562 |
| छत्तीसगढ़ | 34,90,375 |
| दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव | 15,016 |
| दिल्ली | 1,41,042 |
| गोवा | 1,147 |
| गुजरात | 38,40,339 |
| हरियाणा | 7,66,461 |
| हिमाचल प्रदेश | 1,40,672 |
| जम्मू और क मीर कें शासित क्षेत्र | 12,44,016 |
| झारखंड | 36,42,058 |
| कर्नाटक | 37,48,565 |
| केरल | 3,41,040 |
| ल ाख कें शासित क्षेत्र | 11,091 |
| लक्षद्वीप | 310 |
| मध्य प्रदेश | 82,20,240 |
| महाराष | 48,76,309 |
| मणिपुर | 2,00,398 |
| मेघालय | 2,09,800 |
| मिजोरम | 32,734 |
| नगालैंड | 90,464 |
| ओडिशा | 53,19,513 |
| पुदुच्चेरी | 14,821 |
| पंजाब | 12,83,863 |
| राजस्थान | 69,24,719 |
| सिक्किम | 13,667 |
| तमिलनाडु | 36,98,293 |
| तेलंगाना | 11,52,103 |
| ि पुरा | 2,81,825 |
| उत्तर प्रदेश | 1,74,88,703 |
| उत्तराखंड | 4,97,374 |
| प िचम बंगाल | 1,23,45,981 |
| अखिल भारत योग | 9,56,97,699 |

**स्रोत – सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कम्पनियां**